हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 मार्च, 2025

13 बजाना कलां गांव में हुई स्पर्धा, दिखाया दमखम



14 सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण, मेयर ने दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### स्कूल का ताला तोड़कर चोरी किया सामान

**खरखौदा।** सेहरी गांव के सरकारी स्कूल के ताले तोड़कर चोरों ने काफी सामान चोरी कर लिया। शिक्षक सत्येन्द्र का कहना है कि स्कूल का समय समाप्त होने के बाद वे ताला लगाकर चले गए थे। अगली सुबह सफाई कर्मचारी अंग्रेजों देवी ने उसे फोन से सूचित किया कि स्कूल से छत के दो पंखे, तीन गैस सिलेंडर, पीतल का एक बड़ा पतीला चोरी हो गया है। इस बारे में पुलिस को सूचित कर दिया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**सोनीपत।** सदर थाना एरिया के गांव महलाना के पास ट्रैक्टर-ट्राली के अचानक ब्रेक से हुई टक्कर में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। हादसे के वक्त वह खेत से घर की ओर लौट रहा था। दूसरी बाइक पर माता-पिता थे। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महलाना का लक्ष्य (17) रविवार की शाम को बाइक पर सवार होकर खेत से घर की ओर लौट रहा था। साथ में दूसरी बाइक पर उसके पिता माता-पिता आ रहे थे। जब इसी दौरान आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे लक्ष्य की बाइक की टक्कर ट्राली से हो गई। वह सड़क पर गिरकर उसका सिर फट गया। साथ चल रहे माता-पिता ने उसे संभाला। जब तक वह कुछ कर पाते लक्ष्य ने दम तोड़ दिया। शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपित चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### सफाई कर्मियों ने विधायक कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**सोनीपत।** सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों ने सोनीपत के विधायक निखिल मदान के कार्यालय सेक्टर 14 में प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि पीसीसी कंपनी द्वारा बदले की भावना से 12 महीने पहले कर्मचारियों को हटाया गया था। सीटू जिले की सभी ट्रेड यूनियनें ने ठेका सफाई कर्मचारी के प्रदर्शन का समर्थन किया। ठेका सफाई कर्मचारियों की न्याय की मांग रखी। विधायक ने आश्वासन दिया था कि लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला था, अब भी 4-5 माह से अन्य कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला। प्रदर्शन में सीटू वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, राज्य उप प्रधान सुनीता, शहरी ठेका सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान अजय कुमार टॉक, सचिव, चांवरिया, सुनीता ने संबंधित किया।

### खरखौदा तहसील में 5 मधुमख्यियों को छत्ते

**खरखौदा।** खरखौदा तहसील कार्यालय एवं एसडीएम कार्यालय में अपने विभिन्न दस्तावेजों की कार्रवाई कराने व समाधान शिविर में आने वाले लोगों को मधुमक्खियां काट रही हैं। लघु सचिवालय की बिल्डिंग के एक मेन इंट्री गेट पर 5 से अधिक पहाड़ी मधुमखियों के छत्ते लगे हुए हैं, जो आने जाने वालों को काट रहे हैं। कई पटवारियों, पार्षदों, विभिन्न गावों से आने वाली महिलाओं व अन्य लोगों को मधुमखियां काट चुकी है। जिसके बाद उन्हें अस्पताल व अन्य दवाऐं लेनी पड़ रही है। प्रशासन से मांग है कि इन छत्तों से यहां से हटवाया जाए।

### श्रमिकों को मिलेगा श्रमिक सेवा रत्न

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के चेयरमेन वाईके त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि जिला सोनीपत विभिन्न श्रेणी में उत्कृष्ट सेवा करने वाले सरकारी श्रमिकों को श्रमिक दिवस पर रविवार को श्रमिक सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए हर विभाग के मुखिया से अच्छा कार्य करने वाले श्रमिकों की लिस्ट मांगकर जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि सफाई करने वाले, शिविर साफ करने वाले, फायर ब्रिगेड वाले, एंबुलेंस चलाने वाले आदि श्रेणी के श्रमिकों को सम्मानित किया जाएगा।

---

नहीं हो पा रहा समाधान, पांच फीट तक भरा पानी

# दूषित पानी से परेशान लोग, अब दुकानें शिफ्ट करने को मजबूर

- लाइन फटने से बढ़ी समस्या, अब तक कदम नहीं उठाया
- दुकानदारों में नगर निगम अधिकारियों के प्रति रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर के सारंग रोड व गोहाना रोड को जोड़ने वाले रेलवे अंडर ब्रिज के नीचे सीवर को दूषित पानी भरने की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। अंडर ब्रिज के साथ लगती कर्ण सिंह मार्केट के दुकानदारों को मजबूरन दुकानों को खाली करके दूसरी जगह पर शिफ्ट होने पर मजबूर होना पड़ रहा है। जिला प्रशासन इस संबंध में कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। दो दिन से ब्रिज के नीचे दूषित पानी भर गया है। जिसका स्तर बढ़कर दुकानों के अंदर पानी घुसने लगा है।

बता दें के शहर में सारंग रोड से होते हुए गोहाना रोड पर जाने के लिए दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर अंडर ब्रिज बना रखा है। जिसमें से हर रोज हजारों की संख्या में दो-पहिया वाहन चालकों सहित स्कूल के बच्चों की गाड़ियों व पैदल चालक रास्ते से होकर गुजरते है। गोहाना रोड पर बनी मार्केट में दुकानदारों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दिन भर इंतजार करने के बाद एक या दो ग्राहक ही दुकान पर आते है। हालांकि जिस दिन अंडरब्रिज के नीचे पानी जमा हो जाता है। उस दिन खाली बैठकर अपना समय बिताना पड़ता है। आस पास के रिहायशी क्षेत्र व दुकानों में बीमारियां तक फैलने का खतरा बना रहता है।

मार्केट के दुकानदार अमित, दीपक, लाकड़ा ने बताया कि सीवर का दूषित पानी दो दिन से भरा हुआ है। जिसका स्तर बढ़ता जा है। मार्केट में दुकान ऊंचे पर होने के बाद भी पानी दुकान के शटर तक पहुंच चुका है। दुकानों पर सुबह से लेकर शाम तक ठंड में बैठने के बाद कोई ग्राहक नहीं आ रहा है। जिसके कारण बिना काम के वापस घर लौटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दो दिन से अंडर ब्रिज के नीचे दूषित पानी भरा हुआ है।



सोनीपत। दुकानों के सामने दूषित पानी में पड़ा कूड़ा।

### गली में डाल रहे कूड़ा, समय पर नहीं हो रहा उठान

रेलवे लाइन अंडर ब्रिज के दोनों तरफ कूड़े का डंप सफाई कर्मचारियों द्वारा बना रखा है। शहर में कूड़ा उठाने वाली कंपनी के कारिंदें दूषित पानी भरने के कारण कूड़े का उठान नहीं कर पाते है। वहीं दुकानदारों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी घर-घर से कूड़ा उठाकर दुकानों के बाहर गली में डालकर चले जाते है। किसी से कुछ बोलने पर लड़ने लगते है। कूड़े से दिन भर बदबू आती रहती है। एक तरफ अंडर ब्रिज के नीचे सीवर को दूषित पानी तो दूसरी तरफ कूड़े की बदबू ने परेशान कर रखा है।

### जल्द करवाएंगे पानी की निकासी

पंप की लाइन फट गई थी। पानी की निकासी नहीं हो सकी। रविवार रात को लाइन फट गई थी। समय रहते लाइन को ठीक करने व जल्द से जल्द पानी निकासी के प्रबंधन करने का कार्य किया जाता है, समाधान करवाएंगे। **- सचिन शर्मा जेई, नगर निगम सोनीपत।**

---

नगर निगम पहुंची महिलाएं, आंदोलन की चेतावनी

# राजेंद्र नगर में 15 दिनों से नहीं आ रहा पानी, कब तक खरीदें

- पेयजल समस्या से त्रस्त राजेंद्र नगर के लोग, जताया रोष
- मेयर उपचुनाव का बहिष्कार करने पर, प्रत्याशी ने दिया था आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गर्मियां अभी तक शुरू नहीं हुई है, उससे पहले ही पेयजल की समस्या होने लगी है। ताजा मामला राजेंद्र नगर का है। राजेंद्र नगर में 15 दिनों से पेयजल की समस्या बनी हुई है। जिसकी वजह से कॉलोनी की महिलाओं ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। रोष जताते हुए महिलाओं ने बताया कि कई बार अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है, इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। आज भी अधिकारी सीट पर नहीं मिले, इसी वजह से बिना समाधान या आश्वासन के वापस जा रहे हैं, लेकिन अगर समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन करने पर मजबूर होंगें। बता दें कि कॉलोनी में पेयजल समस्या को लेकर राजेंद्र नगर के लोगों ने गत 2 मार्च को हुए मयेर उपचुनाव का बहिष्कार किया था। हालांकि भाजपा प्रत्याशी राजीव जैन के आश्वासन के बाद कॉलोनी के लोगों ने मतदान में हिस्सा लिया था।

कॉलोनीवासी सुनीता, विद्या, पूनम, केला, कमला, रोशनी व चंद्रो ने बताया कि कॉलोनी में 15 दिन से ट्यूबवेल खराब पड़ा है। लोगों को आसपास की कॉलोनियों से पानी लाना पड़ा रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। 15 साल से कोई उनकी सुध लेने वाला नहीं है। 2 मार्च को हुए मेयर उप चुनाव को कॉलोनी के मतदाताओं ने बहिष्कार किया था। उस दौरान कॉलोनी में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। पानी की लाइन कई जगह से क्षतिग्रस्त होने के कारण सीवर का पानी भी मिक्स हो रहा था। 15 दिन पहले ही ट्यूबवेल खराब हुआ है। उसके बाद से कॉलोनी में एक बूंद पानी की आपूर्ति नहीं हो रही। जिससे कालोनी के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।



सोनीपत। नगर निगम कार्यालय में पहुंचीं राजेंद्र नगर की निवासी।

### साफ पानी खरीदकर चला रहे घरों का काम

पानी नहीं आने से लोगों को घरेलू कार्य निपटाने में परेशानी हो रही है। उन्हें मजबूरी में साफ पानी खरीदना पड़ रहा है। आसपास की कॉलोनियों में जाकर पानी लाना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर निगम प्रशासन की ओर से सुनवाई नहीं की गई तो वह बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर हो जाएंगी। लोगों का कहना है कि कइर बार प्रशासन को इस बारे में बताया जा चुका है, लेकिन अधिकारी कोई समाणान नहीं कर रहे। मांग की है कि प्रशासन समस्या का समाधान करवाए।

### अप्रैल के पहले सप्ताह में टेंडर खोला जाएगा

राजेंद्र नगर में नई पेयजल लाइन डालने के लिए टेंडर लगा रखा है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में टेंडर खोला जाएगा। टेंडर आवंटित होने के बाद लाइन डाली जाएगी। उसके बाद लोगों को पानी के लिए तरसना नहीं पड़ेगा। **-विशाल गर्ग, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम**

---

# आईटीआई छात्र की हत्या के मुख्य दोषी को उम्र कैद व एक दोषी को 14 वर्ष कैद

- गांव बाघडू में छात्र का शव बिटौड़े में डाल जला दिया था
- जनवरी, 2019 में हुए हत्याकांड में सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत के गांव बाघडू में आइटीआइ छात्र की हत्या के बाद शव बिटौड़े में डाल कर जला देने के मामले में अदालत ने मुख्य आरोपित को उम्रकैद और सहयोगी को 14 वर्ष की सजा सुनाई है। जनवरी, 2019 में हुए हत्याकांड की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरिंद्र कौर की अदालत में चल रही थी। सजा के साथ ही दोषियों पर 30-30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

गांव बाघडू का रहने वाला बृजेश उर्फ भोला (25) सोनीपत आईटीआई का छात्र था। वह 30 जनवरी, 2019 सुबह घर से आईटीआइ में जाने के लिए निकला था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा था। परिजनों ने उसकी अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका था। वीरवार सुबह भी जब परिजन उसकी तलाश करने लगे तो गांव के स्टेडियम के पास बृजेश की कमीज व रुद्राक्ष की माला पड़ी मिली थी। वहां पर खून भी बिखरा था। बाद में सड़क किनारे गांव की बनी (जंगल) में बिटौड़ों के अंदर आग लगी मिली थी। जिसमें उन्हें खोपड़ी जलती दिखाई दी थी। पुलिस को सूचित कर आग पर काबू पाया गया था। बाद में बिटौड़े की राख में लोह की राड मिली थी। बृजेश के भाई राकेश ने पुलिस को बताया था कि उसके भाई के पैर टूटने पर उसे राड लगाई गई थी। जिससे बृजेश के स्वजन को यकीन हो गया था कि शव बृजेश का है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने वारदात को अंजाम देने के आरोपित तरूण और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत ने अब तरूण को उम्र कैद और नाबालिग आरोपित को 14 वर्ष की सजा सुनाई है।

### थप्पड़ मारने की रंजिश में की थी हत्या

तरुण और नाबालिग आरोपित ने पुलिस को बताया था कि हत्या से दो माह पहले शराब पीकर हुई कहासुनी में बृजेश ने तरुण को थप्पड़ मार दिया था। जिसका बदला लेने को हत्या की गई। उन्होंने साजिश के तहत बृजेश को घर से बुलाकर बाद में उसे शराब पिलाकर नशे में धुत कर दिया। उसके बाद उसका सिर सड़क पर पटक-पटककर अधमरा कर दिया। बाद में उसके शॉल से गला दबा दिया। बाद में बिटौड़े में ले जाकर उसे जला दिया था।

---

### पंप संचालक की गाड़ी से पिस्तौल चोरी

**सोनीपत।** बस स्टैंड के पास पंप संचालक की गाड़ी से पिस्तौल चोरी होने का मामला सामने आया है। पंप संचालक अपनी गाड़ी को खड़ी करके लघुशंका के लिए रुका था। उसी दौरान चोर ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जैन बाग कॉलोनी निवासी पवन ने बताया कि उसका गांव मोहाना के पास पेट्रोल पंप है। शनिवार की शाम को वह मुरथल रोड स्थित जिले सिंह के घर जागरण में शामिल होने गया था। रात करीब 10:30 बजे जब वह वापस लौट कार में लौट रहा था।वह बस स्टैंड के पास लघुशंका के लिए रुक गया। अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी को वहां खड़ी कर लघुशंका करने चला गया। इसी दौरान गाड़ी से किसी ने उसका पिस्तौल चोरी कर लिया। अपने स्तर पर पिस्तौल की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

---

# अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराया, आग लगने पर चालक ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया ट्रक में आग लग गई। डिवाइडर से ट्रक के टकराने पर आग लगते ही चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। मामले की सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियों ने मौके पर पहुंची। जहां आग पर काबू पाया। उसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोलिंग टीम व पुलिस ने ट्रक को रास्ते से हटवाया।

राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोलिंग टीम के सदस्य सारिक ने बताया कि सोमवार सुबह ट्रक चंडीगढ़ की तरफ से पेपर रोल लेकर दिल्ली की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक बहालगढ़ के पास पहुंचा तो अन्य गाड़ी को बचाने के चक्कर में उसकी डिवाइडर से टक्कर हो गई। डिवाइडर से टक्कर लगते ही चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक में अचानक शॉट-सर्किट होने से आग लग गई। ट्रक में आग लगने से अंदर रखे पेपर के रोल जलकर राख हो गए। मामले की सूचना दमकल विभाग को दी गई। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची, कर्मियों ने आग को बुझाया। हादसे की सूचना मिलते ही राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोलिंग टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद टीम ने ट्रक को साइड में करवाया।



सोनीपत। डिवाइडर पर चढ़ा ट्रक व उठता ट्रक से धुआं।

### आग पर काबू पाया

बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास डिवाइडर से टकराकर ट्रक में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। जहां आग पर काबू पाया गया। किसी की जान की हानि नहीं हुई है। ट्रक सुबह दिल्ली की तरफ जा रहा था। जब हादसा हुआ। *-सुमित लोहचब, उप दमकल अधिकारी*

---

पॉश इलाके सेक्टर-12 में वारदात से दहशत का माहौल

# घर में घुसकर रुपये, जेवर, डीवीआर ले गए चोर

- पीड़िता के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज, सीसीटीवी के जरिए चोरों की तलाश में जुटी पुलिस
- चोर हाथ में पिस्तौल लेकर घर में घुसे थे, महिला ने ऑनलाइन सीसीटीवी देखा तो गेट खुला मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के पॉश इलाके सेक्टर-12 में चोर बंद घर में घुसकर नकदी, आभूषण व सीसीटीवी की डीवीआर चोरी करने का मामला सामने आया है। वारदात के दौरान नकाबपोश चोर हाथ में पिस्तौल लेकर घर में घुसे थे। महिला ने ऑनलाइन सीसीटीवी देखा तो गेट खुला मिला। वह दिल्ली से वापस लौटीं तो चोरी का पता चला। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सेक्टर-12 निवासी नीरज चौधरी ने बताया कि 22 मार्च को घर पर का तीन सेफ्टी लॉक लगाकर वह दिल्ली अपनी बहन के घर गई थीं। रात को ढाई बजे चोर उनके घर में घुस गए। नीरज ने बताया कि रविवार दोपहर बाद जब उन्होंने ऑनलाइन अपने मोबाइल में घर के सीसीटीवी चेक किए तो उन्हें मुख्य दरवाजा खुला हुआ दिखाई दिया। जिस पर उन्हें अनहोनी की आशंका सताने लगी। वह दिल्ली से अपने घर लौट आई।



सोनीपत। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे चोर।



सोनीपत। चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

### तीनों सेफ्टी लॉक तोड़े, सूटकेस खुले पड़े थे

घर के तीनों सेफ्टी लॉक टूटे हुए थे। अलमारियां, बेड और सूटकेस खुले पड़े थे। उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो 1.05 लाख रुपये की नकदी, सोने की चेन, दो कानों की बालियां और दो अंगूठियां, आर्टिफिशियल गहने और सीसीटीवी की डीवीआर चोरी मिली। पीड़िता के बयान पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जल्द पकड़े जाएंगे

मामले में घर में चोरी की शिकायत मिली थी। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरों का पता लगाकर गिरफ्तार किया जाएगा। **-रविंद्र सिंह, पुलिस प्रवक्ता, सोनीपत**

### पीसीआर के देखते ही जमीन पर लेटे

दो युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे सीसीटीवी में दिखाई दे रहा है। घर के बाहर लगे सीसीटीवी में दो युवक दिखाई दे रहे हैं। बाद में वह वाहन आता दिखाई देने पर घर के बाहर ग्रीन बेल्ट में लेटे दिखाई दे रहे हैं। उसके बाद घर में घुस जाते हैं। उसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। सीसीटीवी फुटेज में दोनों युवक चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए दिखाई दे रहे हैं। उनमें से एक युवक के हाथ में पिस्तौल दिखाई दे रही है। वह पूरे घर के अंदर घूमते दिखाई दे रहे हैं। बाद में मुख्य गेट से भाग जाते है। इसी दौरान पुलिस पीसीआर भी वहां से गुजरी। पीसीआर को देखते ही दोनों चोर जमीन पर लेट गए, ताकि पुलिस उनको देख कर पीसीआर न रोक ले।

---

# सरगथल के ग्रामीणों ने उठाई मांग, ना गिराए जाएं मकान



सोनीपत। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया को शिकायत देते हुए सरगथल के ग्रामीण।

- ग्रामीण बोले, पिछले 60 वर्षों से लाल डोरी के अंदर रह रहे हैं, लेकिन अब उनके आवास को प्रशासन गिराना चाहता है
- ग्रामीणों का दर्द, हमारे पास इतने पैसे नहीं कि वे लोग कहीं और मकान बना लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरगथल गांव के बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों ने जिला पार्षद संजय बड़वासनिया से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को लेकर मदद की गुहार लगाई। इन परिवारों का कहना है कि वे पिछले 60 वर्षों से लाल डोरी के अंदर रह रहे हैं, लेकिन अब उनके आवास को प्रशासन गिराना चाहता है। बीपीएल परिवारों ने बताया कि इन मकानों में कई सालों से उनके पूर्वज रहते आ रहे हैं, इसके बावजूद इन्हें अब अवैध बताया जा रहा है। उनके पास इतने पैसे नहीं है कि वे लोग कहीं और मकान बना लें। इसीलिये प्रशासन से मांग है कि उनके मकान ना गिराए जाएं। जिला पार्षद ने बताया कि इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियों से गुहार लगाई गई है, उम्मीद है कि समाधान होगा।

## खबर संक्षेप

### संतों की कोई जाति नहीं होतीः विधायक

गोहाना। स्वामी गोविंद गिरी साईं सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में सोमवार को गोविंद गिरी की जयंती मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने की। इस समारोह में नागरिकों ने गोविंद गिरी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मुख्य वक्ता पांच बार के विधायक पूर्व मंत्री जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि संत समाज की धरोहर होते हैं। वे किसी एक जाति व समुदाय के नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए अपना संदेश देते हैं। श्री श्री 1008 स्वामी गोविंद गिरी एक ऐसे ही संत थे जिन्होंने अपना सारा जीवन देश व समाज की भलाई के लिए लगा दिया।

### विद्या एक ऐसा धन जिसे कोई नहीं चुरा सकता

**गोहाना**। शहर में गुढ़ा रोड स्थित जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। हवन में गुरु और शिष्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा और एमडी सुनील शर्मा का रहा। मुख्य यमजान प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा और उनकी पत्नी शीतल शर्मा रहे। प्राचार्य ने कहा कि विद्या वह धन है जिसे न कोई चुरा सकता है और न ही छीन सकता है। विद्यार्थी ईमानदारी के साथ पूरी लग्न हो मेहनत से पढ़ाई करके विद्या धन अर्जित करें। उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का युग है।

### 17 महिलाओं सहित 101 ने किया रक्तदान

**खरखौदा**। सांपला मार्ग स्थित हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल में शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कुल-मिलाकर 101 लोगों ने रक्तदान किया, जिनमें 17 महिलाएं भी शामिल रही। स्कूल चेयरमैन अनीश कुमार दहिया व प्रिंसिपल सुमित राणा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य न केवल रक्तदान को बढ़ावा देना था, बल्कि हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भी याद करना है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य न केवल रक्तदान को बढ़ावा देना है, बल्कि हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भी याद करना है।

### पुलिस ने 57 वाहनों के काटे चालान

**सोनीपत**। यातायात पुलिस सोनीपत का सड़क सुरक्षा स्पेशल अभियान चलाकर लापरवाही करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे। यातायात कर्मचारियों ने गलत लाइन में चलने वाले 57 वाहनों के चालान किए। वहीं गाड़ियों के शीशों पर काली फिल्म लगाने वाले तीन वाहन व बुलेट पटाखा के दो चालान करके एक लाख 21 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि भारी वाहन चालकों को गाड़ी बाई लाइन में चलाने के लि जागरूक करने के काम किया जा रहा है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व शहर में बुलेट बाइक से पटाखे बजाना व वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाना बिल्कुल नहीं बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### विधायक देवेन्द्र कादियान ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए

# बुजुर्गों की 70 साल से अधिक दौड़ स्पर्धा में आजाद ने सबको पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बजाना कलां गांव में हनी स्पोर्टस अकादमी व ग्रामीणों के सहयोग से दूसरा विशाल कुश्ती दंगल हुआ। इसमें आसपास और दूरदराज से आए 400 महिला और पुरुष पहलवानों ने दमखम दिखाया। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों की दौड़ स्पर्धा भी हुई। आजाद ने सबसे तेज दौड़ लगाकर पहला स्थान हासिल किया। रामपाल दूसरे और सूरज सिंह तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल की शुरुआत कराई। 26 केजी में तनिष बजरंग अखाड़ा, 30 केजी में कुरा पुरखास, 34 केजी में योगीत बजरंग अखाड़ा, 44 केजी में हन्नी बजाना कलां, 50 केजी में सावन सोनू अखाड़ा, 85 केजी में साहिल सोनू अखाड़ा, 69 केजी में हितेश पुरखास व 74 केजी में कार्तिक सोनू अखाड़ा प्रथम स्थान पर रहे। वहीं महिला वर्ग के 76 केजी में सारिका दुभेटा, 65 केजी में साक्षी युद्धवीर अखाड़ा, 40 केजी में तनीषा राठधाना, 35 केजी में वंशु युद्धवीर अखाड़ा, 45 केजी में मानवी कुलदीप अकेडमी, 50 केजी में पिंकी बजरंग अखाड़ा प्रथम पर रहीं। विधायक ने विजेता पहलवानों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



गन्नौर। मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर शुरूआत करवाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*



सोनीपत। साउथ पॉइंट में कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा बच्चो को मैडल देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### विभिन्न खेलों में दिखाई शानदार प्रतिभा

सोनीपत। साउथ पॉइंट इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का शानदार आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। स्पोर्ट्स मीट की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में विभिन्न खेलों में विजेता रहे खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने एनुअल स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ कर खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक ही नहीं मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहद जरूरी है। इसलिए सभी को किसी न किसी खेल को जरूर अपनाना चाहिए। उन्होंने स्पोर्ट्स मीट की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विजेता रहे खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी।



खरखौदा। खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन। *फोटो : हरिभूमि*

### हरियाणा स्टेट नेटबॉल में जीते सात गोल्ड

खरखौदा। कलिंगा, भिवानी में आयोजित हरियाणा स्टेट नैटबाल चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के खिलाड़ियों ने 7 गोल्ड मैडल जीतकर सोनीपत जिले व अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। लड़कों की फास्ट 5 सब जूनियर चैम्पियनशिप में ओजस दहिया और कार्तिक दहिया, लड़कियों में वरिंदा और कशिश, सब जूनियर मिक्स में भूमित, सीनियर फास्ट 5 में पलक दहिया और विधि दहिया ने गोल्ड जीते। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर वरिंदा, पलक और विधि का चयन नेशनल कैंप के लिए हुआ है। द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेलों की भी बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां 24 प्रकार के खेलों का आयोजन होता है और सभी खेलों के लिए एनआईएस क्वालीफाइड कोच की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा वुशु, कुश्ती, कबड्डी, बॉक्सिंग व जूडो खेल के लिए खेलो इंडिया सैंटर स्थापित किया है। साथ ही हरियाणा खेल विभाग द्वारा 6 खेलो के लिए खेल नर्सरीज भी खोली गई हैं, जो खिलाड़ियों के खेल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। पदक विजेता खिलाड़ियों का विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया व नैटबाल कोच संसार दहिया ने भव्य स्वागत किया गया। खिलाड़ियों को जीतने पर बधाई दी। पदक विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल प्रबंधन समिति, कोच और अपने माता-पिता को दिया।

# पर्चियां डालने दीवार फांदकर कूदा था युवक, केंद्र अधीक्षक ने पकड़ा

- गोहाना के गांव महमदपुर का मामला, पुलिस को सौंपा
- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर मिला बाहरी हस्तक्षेप
- जिले के 56 परीक्षा केंद्रों पर 12वीं के 3772 विद्यार्थियों ने दी भूगोल की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। सोमवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भूगोल विषय की परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान बाहरी हस्तक्षेप नजर आया। गोहाना के गांव महमूदपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर पर्चियां डालने दीवार फांदकर कूदे युवक को केंद्र अधीक्षक ने पकड़ लिया। जिसकी सूचना बोर्ड व पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची ने युवक को काबू कर लिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की तरफ से सोमवार को 12वीं कक्षा की भूगोल विषय की परीक्षा संचालित की गई। परीक्षा को लेकर जिले में बनाए गए 56 केंद्रों पर 3772 विद्यार्थियों ने पेपर दिया। नकल रहित परीक्षा संपन्न करवाने के लिए केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। इस बीच गोहाना के गांव महमूदपुर स्थित राजकीय विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर बाहरी हस्तक्षेप नजर आया। परीक्षा केंद्र के बाहर जमा युवक जहां पर्चियां बनाते रहे, वहीं कुछ युवक दीवार पर चढ़कर खिड़कियों के सहारे पर्चियां फेंक रहे थे। केंद्र अधीक्षक राजेश ने इस दौरान दीवार फांदकर कूदते एक युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।सदर थाना गोहाना पुलिस मौके पर पहुंची, केंद्र अधीक्षक ने पकड़े गए युवक को उन्हें सौंपा। युवक ने अपनी पहचान गांव मुंडलाना निवासी संदीप के रूप में दी है। पुलिस ने केंद्र अधीक्षक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**कार्रवाई की गई**

गोहाना के महमूदपुर में दीवार पर चढ़े एक युवक को पकड़ा है, जिसके खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई है। अन्य केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। **कृष्ण रोहिल्ला, केंद्र अधीक्षक, सोनीपत।**

### चौ. जयराम को उनके जन्मोत्सव पर किया नमन

**गोहाना**। जनता संस्था के लिए जमीन दान देने वाले चौ. जयराम को उनकी जन्मोत्सव पर श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में नागरिकों ने चौ. जयराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह की अध्यक्षता जयराम परिवार के सदस्य एवं महासभा सदस्य दलीप सिंह उर्फ दीपू ने की। संस्था के संस्थापक चौ. धज्जाराम के पोते एवं संस्था के पूर्व अध्यक्ष अजीत सांगवान ने कहा कि चौ. जयराम एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने जनता शिक्षण संस्थान के लिए अपनी जमीन दान में देकर इलाके को शिक्षा की एक नई क्रांति को जन्म दिया। ऐसे महारुपुष बिरले ही होते हैं। हमें इनके पद्चिहनों पर चलते हुए समाज के उत्थान के लिए काम करना चाहिए। संस्था के सचिव हंसराज ने कहा कि चौ. जयराम एवं चौ. धज्जा राम के अविस्मरीण योगदान को क्षेत्र के लोग हमेशा याद रखेंगे। इन दोनों महापुरुषों के अतुलनीय योगदान से क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ा। इस अवसर पर बुटाना गांव की सरपंच सीमा देवी, पूर्व सचिव कृष्ण सांगवान, डॉ. रवींद्र सांगवान, रामनिवास, आजाद सांगवान, मनोज कुंडू, राजू सरपंच मातंड, राजा जागसी, ईश्वर, राजपाल कुंडू, अशोक, राजेंद्र व बलजीत आदि रहे।

# आशा वर्कर्स ने किया प्रदर्शन, विधायक को सौंपा ज्ञापन

- कर्मचारी नेताओं ने किया संबोधित, सरकार को बताया कर्मचारी विरोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मजदूर संगठन सीटू से सम्बन्धित आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर सोनीपत जिले में कार्यरत आशा वर्कर्स एवं फैसिलिटेटरों ने सीएमओ कार्यालय सोनीपत पर धरना प्रदर्शन कर सीएमओ के माध्यम से केंद्र सरकार को अपनी मांगों का ज्ञापन भेजा। वहीं सीएमओ कार्यालय से रोष प्रदर्शन करते हुए अपने झंडे और बैनर लेकर विधायक निखिल मदान के कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और केंद्रीय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व यूनियन की राज्य महासचिव सुनीता, अनीता उपाध्यक्ष,जिला सचिव पूनम, सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा एवं कामरेड श्रद्धानंद सोलंकी ने किया।

कर्मचारी नेता ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आशा वर्कर्स अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करके भारत सरकार के नाम ज्ञापन दिया है। केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स के काम को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। परंतु केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर के कार्यों की प्रोत्साहन राशि नहीं बढ़ाती है। केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्ष से आशा की प्रोत्साहन राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है आशाओं के काम केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बढ़ा रही है। आशा वर्कर से फील्ड में स्वास्थ्य से संबंधित सारे कार्यों को करते हुए उनका रखरखाव रखने का दबाव, बनाया जाता है। सरकार के रवैय से आशा वर्कर्स बहुत नाराज है और आशा वर्कर्स ने पूरे देश में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। अगर आशा वर्कर्स की मांग और समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पूरे देश में आशा वर्कर्स का बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आशा वर्कर केंद्र और राज्य सरकार से मांग करती है कि जल्द उनकी समस्याओं का और समाधान किया जाए। प्रदर्शनकारियों को छवि, पूनम, सुमन, पम्मी, अनीता, शीमा, अनीता, सविता मलिक आदि ने भी सम्बोधित किया।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन सौंपते हुए यूनियन के पदाधिकारी साथ में अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

एसडीएम ने अनाजमंडी का किया निरीक्षण

# सुचारू रूप से हो गेहूं की खरीद तैयारियां पूरी रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

सोमवार को एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने नई अनाजमंडी और ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए फसल खरीद केंद्रों का दौरा करके गेहूं की खरीद की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने खरीद एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों को गेहूं की खरीद को सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय ने जींद रोड स्थित अनाज मंडी और गांव रुखी व कथूरा में बनाए गए फसल खरीद केंद्र पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे गेहूं की खरीद लेकर सभी तैयारियां पूरी करें। अधिकारी भंडारण की बेहतर योजना बनाने पर जोर दें, जिससे पीक सीजन के दौरान गेहूं के उठान को लेकर किसानों व आढ़तियों को परेशानी न हो। खरीद एजेंसियां अनुमानित आवक का सही अध्ययन कर योजना बनाएं। इससे मंडी में भीड़ नहीं लगेगी। मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं।



गोहाना। एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय खरीद केंद्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# दिल्ली राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली के विनोद नगर में 16 मार्च से 20 मार्च तक सब जूनियर व जूनियर दिल्ली राज्य बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के बॉक्सरों ने 2 स्वर्ण पदक व 2 रजत पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि दोनों ही आयु वर्ग में 250 से अधिक बॉक्सरों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सब जूनियर आयु वर्ग के 37 किलो भारवर्ग में हर्षित गुलिया ने स्वर्ण पदक, 43 किलो भारवर्ग में शुभांक ने रजत पदक व 70 किलो भारवर्ग में आयुष तेहलान ने रजत पदक व जूनियर आयु वर्ग में 52 किलो भारवर्ग में खेलते हुए मिलन ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया। साथ ही हर्षित गुलिया व मिलन का आगामी सब जूनियर व जूनियर राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयन भी हुआ जो कि 30 मार्च से 3 अप्रैल तक रोहतक में आयोजित होगी। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने हर्षित गुलिया व मिलन को बधाई दी व आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दोनों बॉक्सरों को शुभकामनाएं दीं।



सोनीपत। विजेता खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए।

# नारी सशक्तिकरण को लेकर किया गया लघु नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कन्या महाविद्यालय में ड्रामा क्लब द्वारा इंचार्ज डॉ. सारिका के नेतृत्व में एक लघु नाटक का मंचन बी ए तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा किया गया। नारी सशक्तिकरण विषय पर आधारित इस नाटक का शीर्षक शिक्षा बनाती नारी को सशक्त रखा गया। जिसमें छात्राओं ने दिखाया कि एक लड़की होती है जो कल्पना चावला, रानी लक्ष्मीबाई इत्यादि का उदाहरण देकर अपने माता-पिता को अपनी पढ़ाई जारी रखने की गुहार लगाती है। लेकिन उसके माता-पिता केवल वह लड़की है, यह सोचकर उसको उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं करने देते हैं। इसके साथ-साथ घर में उसका एक भाई है जिसको पढ़ाने लिए उसके माता-पिता पुरजोर कोशिश करते हैं। इधर अपनी बेटी की गुहार को सुनकर और विशेष रूप से बेटी की मां जब उसके पक्ष में आ जाती है। अपनी बेटी को पढ़ने के लिए आगे आकर और दृढ़ता पूर्वक अपने पति के सामने पढ़ाई के महत्व को रखती है कि किस तरह से एक नारी को सशक्त बनाने में उसका पढ़ा लिखा होना बहुत जरूरी है। जब वह समझाती है तभी उसके पिता अपनी बेटी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति दे देता है और अपनी गलती स्वीकार करता है। किस तरह से उसने अपनी पत्नी को आगे पढ़ने का अवसर प्रदान नहीं किया, अब वह अपनी बेटी के साथ यह नहीं होने देगा। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्या डॉ.दर्शना ने छात्राओं को उनके बेहतर अभिनय कला प्रदर्शन के लिए बधाई दी।



नुक्कड़ नाटक कर दी शानदार प्रस्तुति

# अंगदान की शपथ दिलाते हुए ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रामनगर में जारी जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस इकाई के आवासीय शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं को अंगदान की शपथ दिलाते हुए ग्रामीणों को इसके लिए जागरूक किया गया। साथ ही मेक इन इंडिया थीम पर नुक्कड़ नाटक के साथ रैली का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए अंगदान के महत्व से अवगत करवाते हुए इसके लिए प्रोत्साहित किया। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में आवासीय शिविर सफलतापूर्वक जारी है। छठे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी व योगाभ्यास से की गई। साथ ही अध्यात्म को बढ़ावा देने के लिए स्वयंसेविकाओं ने बाबाधाम मंदिर तक का पैदल भ्रमण भी किया। सेक्टर-14 स्थित पार्क में योगाभ्यास के साथ बुजुर्गगण से आत्मीय भेंट की गई। शिविर के चौथे सत्र में सहयोगी प्राध्यापिका डा. मनीता के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया, जिनमें शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वीडियो मेकिंग कंपीटिशन में सिमरन, कवितापाठ स्पर्धा में अलंकृता त्यागी प्रथम रही।



सोनीपत। शिविर के दौरान प्रस्तुति देती जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की छात्रा।

### विधायक पालिका के चेयरमैन बधाई देते हुए किया अभिनंदन

# जनता दरबार में विधायक ने सुनी समस्याएं

विधायक कृष्णा गहलावत बेरी नगर पालिका के नव चयनित चेयरमैन रविंद्र कादियान का पगड़ी पहनाकर सम्मान करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जन समस्याओं का समाधान करवाया। साथ ही उन्होंने बेरी नगर पालिका के चेयरमैन पद के लिए पुन चुने गये रविंद्र कादयान उर्फ बिल्लू का भी अभिनंदन करते हुए बधाई दी। विधायक कृष्णा गहलावत ने राई हलकावासियों के लिए नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन करते हुए जन समस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान विशेष रूप से पानी की पाइप तथा फिरनी निर्माण की मांग तथा गढ़ी बाला में वर्ष 2008 में आवंटित किये गये प्लाटों का कब्जा दिलवाने और मलिकपुर के ग्रामीणों ने मूल सुविधाओं को सुदृढ़ करवाने की मांग प्रस्तुत की। विधायक गहलावत ने सभी मांगों व समस्याओं की गंभीरता से सुनवाई करते हुए समाधान के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई में मूल सुविधाओं को सुदृढ़ करवाया जा रहा है। गांवों में गलियों को पक्का करवाने तथा सड़कों के निर्माण के साथ बिजली-पानी की व्यवस्थाओं को और बेहतरीन रूप प्रदान किया जा रहा है। राई हलके को प्रदेश का नंबर-वन हलका बनायेंगे, जहां कोई भी समस्या शेष नहीं रहने दी जाएगी।



**NOTICE**

I, Kashish D/o Sh. Harsh Malik R/o 212-R, Model Town, Sonipat, Haryana declares that my name has changed from Kashish to Kashish Malik for future purposes.

## खबर संक्षेप



### परीक्षित ने वर्ल्ड बिल्डिंग प्रतियोगिता में बाजी मारी

**गन्नौर।** संत विवेकानंद विद्यापीठ के पहली कक्षा के होनहार छात्र परीक्षित पुत्र अमित गुलिया ने अंतर विद्यालय प्रतिस्पर्धा में मारी बाजी। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार गुलिया ने बधाई देते हुए उन्हें सम्मानित किया। परीक्षित ने गन्नौर में हुई अंतर विद्यालयी वर्ल्ड बिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर इनाम में साइकिल प्राप्त की। प्रधानाचार्य राजकुमार गलिया ने बताया कि यदि बच्चे इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं तो उनके विकास का स्तर तेजी से बढ़ता है।



### टीबी मुक्त करने के लिए जागरूक किया

**गोहाना।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय गोहाना में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को टीबी को लेकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा ने की।

### संतों की वाणी में होता है मां सरस्वती का आशीर्वाद

**गोहाना।** हरिद्वार में संत मंडल आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी राममुनि महाराज महामंडलेश्वर बनने के बाद पहली बार गोहाना पहुंचे। यहां श्रद्धालुओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं महंत राममुनि महाराज ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रजापति समाज के प्रतिनिधि रामभगत फौजी ने कहा कि संतों की वाणी में दिव्यता और शांति होती है। संतों का कथन सच्चाई, ज्ञान और भक्ति से ओत-प्रोत होता है और यह सब मां सरस्वती की कृपा से संभव होता है। वे अपनी वाणी से हमें सत्य की ओर मार्गदर्शन करते हैं।

# मेयर ने किया सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण, मिली गंदगी, कर्मचारी नदारद

## अधिकारियों को निर्देश, साफ सफाई का ध्यान रखा जाए, लापरवाही सहन नहीं होगी



**सोनीपत।** शौचालयों का निरीक्षण करते हुए मेयर राजीव जैन। *फोटो : हरिभूमि*



**सोनीपत।** बॉर्डर पर निरीक्षण करने पहुंचें विधायक निखिल मदान।

### राजीव जैन ने निर्देश दिए कि भविष्य में ठेका खत्म होने से पहले नया ठेका छोड़ा जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने शहर में सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करते हुए कहा कि शौचालयों में गंदगी का आलम है, कहीं पर लाइन टूटी पड़ी है और कहीं सफाई करने वाले कर्मचारी नदारद हैं, इसलिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में सार्वजनिक शौचालय साफ सुथरे रहने चाहिए। राजीव जैन ने निगम अधिकारियों को शहर में सफाई व्यवस्था एवं सार्वजनिक शौचालयों के रख रखाव पर पूरा ध्यान दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि शौचालयों की साफ सफाई के लिए दिए गए ठेकों की अवधि ख़त्म हो गई है, इसलिए परेशानी आ रही है। राजीव जैन ने निर्देश दिए कि भविष्य में ठेका खत्म होने से पहले नया ठेका छोड़ा जाये ताकि जनता को किसी तरह की असुविधा ना हो।

#### दरवाजे टूटे, रखरखाव की कमी नजर आई

सोमवार को राजीव जैन कालूपुर चुंगी सिथत शौचालय पर पंहुचे तो कर्मचारी नदारद थे और आसपास के लोगों ने शिकायत की कि वह ड्यूटी में लापरवाही बरतता है। पुलिस लाइन गोहाना रोड के बाहर स्थित शौचलयों के दरवाजे भी टूटे पड़े हैं और साफ सफाई का भी बुरा हाल है। गोहाना रोड तिरंगा चौक पर मुक्ति धाम के बाहर शौचालय का सीवर कनक्शन टुटा हुआ है। मुरथल अड्डा पर स्कूल के बाहर स्थित शौचालय में पिछले एक सप्ताह से सफाई के लिए सामान नहीं मिला और दूसरा कर्मचारी उपलब्ध नहीं रहता। ऐसी शिकायत वहां के दुकानदारों ने की। सुभाष स्टेडियम के बाहर शौचालय केवल पुरुषों के लिए बनाया गया है। शौचालय की सफाई भी दुकानदार ही करवाते हैं। मुरथल रोड पर अग्रसेन चौक स्थित शौचालय के भी रखरखाव में कमी नजर आई।

### विधायक ने किया कुंडली सिंघु बॉर्डर का दौरा

**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने सोमवार को कुंडली बॉर्डर का दौरा किया और बॉर्डर के पूरी तरह से खोले जाने के कार्य का निरीक्षण किया। बीते वीरवार को प्रशासन द्वारा कुंडली बॉर्डर की बंद पड़ी दो लेन को भी खोलने का कार्य शुरू किया गया था। सोमवार को कुंडली बॉर्डर पर पहुंचे विधायक निखिल मदान ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने एक सप्ताह पहले विधानसभा में दिल्ली कुंडली बॉर्डर की बंद पड़ी दो लेन को खोलने का प्रश्न उठाया था। उसके बाद सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से वह पूर्ण रूप से संतुष्ट है। कुंडली बॉर्डर के पूरी तरह खुलने से दिल्ली जाने वाले लाखों लोगों को लंबे ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। कुंडली और राई इंडस्ट्रियल एरिया के सभी उद्योगपतियों,श्रमिकों, व्यापारियों और किसानों का भी आवागमन सुगम होगा। निखिल मदान ने कहा कि वो इस अवसर पर हरियाणा और दिल्ली सरकार के प्रशासन और संबंधित अधिकारियों का भी आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने उनके द्वारा विधानसभा में शून्य काल के दौरान उठाए गए इस मुद्दे के तुरंत बाद बॉर्डर खोलने के कार्य को तेजी से पूरा करवाया और आमजन की तकलीफ का समाधान किया।

# युवा पीढ़ी का मार्ग दर्शन करना चाहिए : कादियान

- स्कूल का वार्षिक समारोह शिक्षांजलि धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गांधी नगर स्थित नीजि स्कूल का वार्षिक समारोह शिक्षांजलि धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों देकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल की प्रगति में योगदान देने वाले अभिभावकों और छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान और विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, पूर्व हुसा प्रधान सुशील त्यागी, अजय यादव, मोती बत्रा, भावना जाग्या, शालू वाधवा, हरीश वाधवा और अंकित मल्होत्रा ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को उत्कृष्टता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विधायक कादियान ने कहा कि लिटिल एंजेल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक छोटे पौधे से बरगद के पेड़ की तरह विकसित हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह स्कूल अपनी शिक्षा के लिए पहचाना जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ युवा पीढ़ी को संस्कार और सकारात्मक मार्गदर्शन की जरूरत है। ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों की छिपी प्रतिभा निखरती है। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव, प्रिंसिपल आरती त्यागी ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व जताया।

## रंगदारी मांगने और रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

एसएजी यूनिट सेक्टर-7 सोनीपत पुलिस ने हथियारों के बल पर फिरौती मांगने व रुपये छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दीपांशु उर्फ दीपू उर्फ काला निवासी सेरसा सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक व्यक्ति ने गत एक दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने कुंडली में होटल कर रखा है। उसके होटल में सागर निवासी सेरसा व संदीप निवासी राठधाना व उसके आठ दस साथी होटल पर आए। उसे हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। उससे चार लाख रुपये की फिरौती मांगी। उससे 43 हजार रुपये की राशि को छीन लिया। वह उसके लड़कों से 53 हजार रुपये व दूसरे लड़के से हथियार के बल पर मारपीट कर एक फोन व 2500 रुपये की राशि को छीन लिया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# जैन कन्या कॉलेज में दीक्षांत समारोह 4 को

- समारोह वीसी डॉ. सुदेश होंगी मुख्यातिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गनौर जैन कन्या कॉलेज में 4 अप्रैल को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों जोरो पर चल रही है। कॉलेज प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने बताया कि खानपुर महिला विश्वविधालय की कुलपति प्रोफेसर डा.सुदेश दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेगी। कॉलेज का यह दूसरा दीक्षांत समारोह है। समारोह में कला,वाणिज्य व विज्ञान संकाय से स्नातक की 40 व राजनीति, अंग्रेजPी व कॉमर्स स्नातकोत्तर की 11 छात्राओं को डिग्रियां वितरित की जाएगी। सभी छात्राएं भारतीय परिधान में ही अपनी डिग्रियां लेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की बतौर मुख्यातिथि खानपुर विश्वविधालय की कुलपति डा. सुदेश ने निमंत्रण स्वीकर कर उन्हें अग्रिम बधाई दी।



**गन्नौर।** खानपुर महिला विश्वविधालय की कुलपति प्रोफेसर डॉ.सुदेश को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते प्राचार्य डॉ. मनोज। *फोटो : हरिभूमि*

# कुराड़ में 80 लाख रुपये से बनेगी डिस्पेंसरी

- कुराड़ के सरंपच मंजीत व ग्रामीणों ने कादियान का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को कुराड़ गांव में 80 लाख रुपए की लागत से बनने वाली डिस्पेंसरी का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। 700 वर्गगज में बन रही यह डिस्पेंसरी अगस्त तक तैयार होने की उम्मीद है। इसके बाद ग्रामीणों को गांव में ही चिकित्सा सुविधा मिलेगी। विधायक ने ठेकेदार को निर्माण कार्य में पारदर्शिता बरतने और समय पर काम पूरा करने की हिदायत दी। कुराड़ के ग्रामीणों ने ओलंपिक मेडलिस्ट हॉकी खिलाड़ी सुमित वाल्मीकि के नाम पर गेट बनाने की मांग रखी। विधायक ने भरोसा दिया कि यह मांग पूरी कराई जाएगी। विधायक ने सोमवार को जनसंवाद कार्यक्रम के तहत कुराड़ के अलावा हसनपुर, भिगान, राजपुर, लड़सौली और पिपली खेड़ा गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। इस मौके पर एसडीएम प्रवेश कादियान, नायब तहसीलदार गजे सिंह, एसईपीओ अमित सरोहा, जेई सुनील और ग्राम सचिव नवीन समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। जनसंवाद कार्यक्रम में गांव के मुखियाओं ने विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपे। इनमें खेतों और पीडब्ल्यूडी के रास्तों की मरम्मत, पशु अस्पताल, पीने के पानी की व्यवस्था, सोलर लाइट, लगवाने आदि मांगें शामिल रही।



**गन्नौर।** कुराड़ गांव में विधायक देवेन्द्र कादियान ग्रामीणों को संबोधित करते साथ में सरपंच मंजीत आंतिल। *फोटो : हरिभूमि*

#### समस्या बताई

राजपुर गांव के लोगों ने पानी निकासी की समस्या से अवगत कराया। विधायक ने तुरंत अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कादियान ने विधायक बनाकर चंडीगढ़ भेजने पर क्षेत्र की जनता का आभार जताया। इस अवसर पर कुराड़ गांव के सरपंच मंजीत आंतिल, पूर्व प्राचार्य हरज्ञान आंतिल, जोगिंद्र आंतिल प्रधान, कर्मवीर सरपंच, सोनू, धर्मपाल, नन्हा, कपिल, नरेंद्र, रामकुमार, सुंदर, संजय, सुरेंद्र, रणबीर आदि लोग मौजूद रहे।



### रचित मिस्टर व मनु मिस फेयरवेल बनी

**गोहाना।** शहर से सटे गांव गढ़ी सराय नामदार खां स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 8वीं के छात्र रचित को मिस्टर फेयरवेल और छात्रा मनु को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। समारोह की अध्यक्षता मुख्याध्यापक रविन्द्र मलिक ने की। विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में हरियाणवी समूह लोक नृत्य, एकल नृत्य, पंजाबी गिद्धा प्रस्तुति किए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# न्यायाधीश ने किया खरखौदा न्यायालय का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस महावीर सिंह सिंधु ने सोमवार को खरखौदा न्यायालय को निरीक्षण किया। उन्होंने यहां चल रही दोनों अदालतों के केसों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने दोनों अदालतों के जजों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि अदालतों में जल्दी न्याय मिले। इसके लिए न्यायालय तेजी से कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने मालखाने का भी निरीक्षण किया और यह अभी तक क्यों वर्किंग में नहीं आया है। इस बारे में भी पूछताछ की और संबधित को निर्देश दिए हैं कि इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके बाद खरखौदा बार एसोसिएशन प्रधान आशुतोष सरोहा, साहिल गनौत्रा, संदीप दहिया आदि द्वारा जस्टिस साहब का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। बार एसोसिएशन की तरफ से मांग रखी गई कि खरखौदा में चैंबरों की संख्या बढ़ाई जाए और मौजूदा चैंबरों को न्यायालय कॉप्लेक्स से सीधा जोड़ा जाए। अभी वकीलों को धूप व बारिश में बिल्डिंग के बाहरी छोर से घुमकर आना जाना पड़ता है। जस्टिस साहब ने कहा कि बार एसोसिएशन इस बारे में लिखित डिमांड करें। सिक्योरिटी के इश्यू को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने सुझाया कि आगामी 100 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बार एसोसिएशन मिसाल कायम करें और जमीन खरीदकर अपने खुद के चैंबर भी बनवा सकते हैं।



**खरखौदा।** जस्टिस महावीर सिंह सिंधु को स्मृति चिन्ह भेंट करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*



## विरोध प्रदर्शन का निर्णय, आंदोलन का नोटिस दिया

**सोनीपत।** आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स की मांगों की अनदेखी करने के कारण आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन संबंधित सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने 26 से 28 मार्च डीसी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत सोमवार को आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर यूनियन की मांगों व समस्याओं के समाधान न करने के चलते आंदोलन का नोटिस दिया गया। जिला सचिव सोना देवी ने बताया कि 11 मार्च को सैकड़ो की संख्या में वर्कर्स व हेल्पर्स ने अपना प्रदर्शन करते हुए 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन पीओ के माध्यम से डायरेक्टर को भेजा गया था। लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

### युवक को कार से कुचलने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में कहासुनी के बाद युवक को कार से कुचलने के प्रयास का मामला सामने आया है। घायल को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान पर कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव मल्हा माजरा निवासी नीरज उर्फ गोटी ने बताया कि वह राजकीय स्कूल के पास खड़ा था। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला शक्ति अपनी कार लेकर वहां आया। शक्ति और उसके भाई में कहासुनी हो गई। इसके बाद शक्ति ने नीरज को जान से मारने की नीयत से कार से टक्कर मार दी।

## उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने गन्नौर कोर्ट का निरीक्षण किया

# मालखाने में मिली कमियां, दूर करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश महावीर सिंह सिंधु ने सोमवार को गन्नौर कोर्ट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कोर्ट में पुलिस के मालखाने का निरीक्षण किया, जिसमें कुछ कमियां मिली तो उन्होंने पुलिस अधिकारियों से उन कमियों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी ने न्यायाधीश महावीर सिंह सिंध का बुके देकर स्वागत किया। इसके अलावा बार के अन्य पदाधिकारियों ने गन्नौर एसीजे एसडी वर्षा शर्मा व सीजेजेडी सागर शर्मा को बुके भेंट किया। न्यायाधीश महावीर सिंह सिंधु ने कहा कि अधिवक्ता अपने कनिष्ठों के लिए आगे बढ़ाने की सोच रखनी चाहिए। वहीं युवा वकीलों को अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से उनके अनुभव का ज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने विशेष तौर पर बार के अधिवक्ताओं से अपील करी कि वे किसी भी शनिवार को वर्क सस्पेंड न करें, ताकि लोगों को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता अपना काम इमानदारी से करें और ताकि लोगों को सही समय पर न्याय मिले।




**गन्नौर।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश महावीर सिंह सिंधु का स्वागत करते बार एसोसिएशन अध्यक्ष गौरव त्यागी। *फोटो : हरिभूमि*

#### तहसीलदार कोर्ट को लेकर शिकायत

निरीक्षण के दौरान बार एसोसिएशन के सदस्यों ने न्यायाधीश महावीर सिंह सिंधु से तहसीलदार कोर्ट को लेकर आ रही परेशानियों के संबंध में शिकायत की। उन्होंने बताया कि तहसीलदार कोर्ट के लिए कोई कोर्ट रूम नहीं है। तहसीलदार कोर्ट की केस लिस्ट भी नहीं चस्पाई जाती। इतना ही नहीं केस से संबंधित फाइलें भी कई बार गुम हो जाती हैं। इस पर न्यायाधीश महावीर सिंह सिंधु तहसीलदार कार्यालय में पहुंचे और उनसे केस लिस्ट मांगी तो तहसीलदार उन्हें केस लिस्ट नहीं दिखा पाई। इस पर न्यायाधीश ने नियमित रूप से केस लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए।